an>

Need to enhance annual allocation for Members of Parliament Local Area Development Fund and also delegate executive powers to Members of Parliament for development works in their respective parliamentary cConstituencies.

**श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज)** ः सादर अवगत कराना है कि अधिकांश सांसदों का निर्वाचन क्षेत्र ग्रामीण इलाके का है। गांवों में पीने के पानी की समस्या है। इंडिया मार्क 2 हैण्ड पंप लगवाने हेतु हमारे निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 8 हज़ार प्रार्थना पत्र आ चुके हैं। गांवों में बिजली समस्या के कारण लगभग 12 हज़ार सोलर लाईट लगवाने के प्रार्थना पत्र आ चुके हैं। फसलों की सिंचाई के लिए सरकारी नल लगवाने हेतु भी सैंकड़ों प्रार्थना पत्र व सैंकड़ों गांवों को संपर्क मार्ग से जोड़ने हेतु सड़कों के निर्माण हेतु प्रार्थना पत्र आ चुके हैं। प्रदेश में इन विकास कार्यों की तरफ अनदेखी हो रही है। इस कारण सांसदों को जनता कटघरे में खड़ा कर रही है। यदि विकास कार्य नहीं हुए तो सांसदों की फजीहत को कोई रोक नहीं पायेगा। एम.पी.लैड्स को बढ़ाने पर भी सरकार कोई विचार नहीं कर रही है।

अतः आपसे मांग करते हैं कि प्रत्येक सांसद को केंद्र सरकार कम से कम 10 हज़ार हैण्ड पंप पाइप, 12 हज़ार सोलर लाईट लगवाने, 100 सरकारी नलकूप लगवाने, प्रत्येक गांव को संपर्क मार्ग से जोड़ने हेतु सड़क बनवानें तथा गांवों में स्वच्छता अभियान के तहत 50 हज़ार लोगों के लिए शौचालय व एम.पी.लैड्स को 5 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ रूपए तक करने की मांग पूरी करे, जिससे प्रत्येक सांसद जनता के बीच अपनी जवाबदेही तय कर सके।